# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका,सहारनपुर,उ0प्र0,पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in
E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 194 / प्रवेश / MSU / 2025–26

दिनांक : 25/06/25

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली।

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु पंजीकरण कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि दिनांक 20.06.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में समर्थ ई0आर0पी0 के क्रियान्वयन हेतु आहूत की गयी ऑनलाईन बैठक में प्रवेश हेतु पंजीकरण की स्थिति को देखते हुए प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा द्वारा निर्देशित किया कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा अपने क्षेत्र में आने वाले इण्टर कॉलेजो अथवा DIOS कार्यालयों से सम्पर्क करके छात्रों का डाटा एकत्रित कर उनको अपने महाविद्यालय में प्रवेश हेतु सम्पर्क कर उन्हें उच्च शिक्षा के प्रवेश / पंजीकरण हेतु प्रेरित किया जाय, जिससे 12th उत्तीर्ण के छात्र छात्राओं के विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल (https://msuadm.samarth.edu.in/) पर प्रवेश हेतु अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण ससमय किये जा सके।

अतः उक्त के दृष्टिगत् मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आप अपने महाविद्यालयों के आस पास के क्षेत्र में स्थित इण्टर कॉलेजों अथवा सम्बन्धित DIOS कार्यालयों से सम्पर्क कर 12th उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के सम्पर्क सूत्र प्राप्त कर उन्हें अपने स्तर से प्रवेश हेतु प्रेरित कर उनका अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराने का कष्ट करें।

25-6-25
का0 कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. वित्त अधिकारी।
03. उपकुलसचिव।
04. समन्वयक / सह समन्वयक प्रवेश को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. विश्वविद्यालय प्रोग्रामर समर्थ पोर्टल (प्रवेश सैल)।
06. विश्वविद्यालय वेबसाईट मेन्टेनर को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
07. गार्ड फाईल।

सहा0 कुलसचिव